पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

**प्रधानमंत्री ने धार, मध्य प्रदेश से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारम्भ किया, मुख्यमंत्री लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए**

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की**

**प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने विगत 08 वर्षों में नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम बढ़ाये : मुख्यमंत्री**

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक साथ 20,324 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान संचालित किया जा रहा**

**15 दिवसीय यह अभियान महिलाओं की जांच एवं परामर्श के साथ ही उनके निःशुल्क उपचार से जुड़ा**

**507 स्थानों पर रक्तदान शिविर के वृहद आयोजन किये जा रहे**

**प्रदेश में 204 टेक होम राशन प्लाण्ट वर्तमान में कार्य कर रहे, नेफेड से टी0एच0आर0 प्लाण्ट को और बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की जाने वाली रेसिपी को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा की गयी**

**विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन देखने को मिला**

**अमेठी में राज्य का 81वां मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ, वर्ष 2017 तक प्रदेश में केवल 40 मेडिकल कॉलेज बने थे, विगत 08 वर्षों में 41 नये मेडिकल कॉलेज बनाये जा चुके**

**03 से 06 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को एक अतिरिक्त पोषण मिशन से जोड़कर प्रदेश के बचपन को सुरक्षित रखने के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा**

**इन्सेफेलाइटिस बीमारी प्रदेश से पूरी तरह समाप्त हो चुकी, मलेरिया, डेंगू, कालाजार तथा चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को पूरी तरह नियंत्रित किये जाने का प्रयास किया जा रहा, टी0बी0 को पूरी तरह समाप्त करने के लिए निःक्षय मित्र बनाये जा रहे**

**आंगनबाड़ी बहनों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराएं, ट्रेनिंग दें और उनके इन्सेन्टिव को बढ़ाकर समय से भुगतान कराएं, ताकि वह सम्मानजनक ढंग से अपना योगदान दे सकें**

**मुख्यमंत्री ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले निःक्षय मित्रों एवं रक्तदाताओं का सम्मान किया**

**मुख्यमंत्री ने तीव्र कुपोषण का सामुदायिक प्रबन्धन के दिशा–निर्देशों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन तथा सम्भव अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट योगदान करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावकों एवं ग्राम प्रधानों का सम्मान किया**

**लखनऊ : 17 सितम्बर, 2025**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज धार, मध्य प्रदेश से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर

यहां अटल बिहारी वाजपेयी साइन्टिफिक कन्वेंशन सेन्टर, के0जी0एम0यू0 में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सम्मिलित हुए।

प्रधानमंत्री जी ने पी0एम0 मित्र इण्टीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, धार, मध्य प्रदेश का शिलान्यास तथा 'आदि सेवा पर्व' का शुभारम्भ किया। उन्होंने पी0एम0 मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 10 लाख से अधिक लाभार्थियों को मातृत्व लाभ का अंतरण किया। उन्होंने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की दीदी को अमरूद का पौधा प्रदान किया तथा 01 करोड़वें सिकल सेल जेनेटिक काउन्सिलिंग कार्ड का वितरण किया।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशवासियों के सामने आगे बढ़ने के अनेक कार्यक्रम तय किये। नारी सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वन्दना अभियान, देश की सर्वोच्च पंचायत संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदम उठाये गये। यह सभी कार्यक्रम मातृशक्ति के सशक्तिकरण से जुड़े हुए वह अभियान हैं, जिनका नये भारत ने पूरे मनोयोग से स्वागत किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने विगत 08 वर्षों में नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम बढ़ाये हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से अलग–अलग चरणों में बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये की व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से बेटी की शादी के लिए राज्य सरकार द्वारा 01 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध करायी जाती है। प्रदेश स्तर पर अनेक अभियान नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जी ने अपने पावन जन्मदिवस पर आज देशवासियों को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान से जोड़ा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं की दृष्टि से पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक साथ 20,324 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत रक्त, ब्लडप्रेशर एवं डायबिटीज की जाँच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर तथा एनीमिया की जाँच, उच्च जोखिम वाली महिलाओं की टी0बी0 की जाँच, गर्भवती महिलाओं की प्रसव–पूर्व देखभाल एवं परामर्श, बच्चों के टीकाकरण के अलावा, स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता पखवाड़ा आज से प्रारम्भ हुआ है। 15 दिवसीय यह अभियान

महिलाओं की जांच एवं परामर्श के साथ ही उनके निःशुल्क उपचार से जुड़ा है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। नारी जागरूकता की दृष्टि से प्रदेश के 01 लाख 89 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी यह कार्यक्रम अभियान के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पेशेवर रक्तदाताओं को हतोत्साहित करने तथा युवा शक्ति को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 507 स्थानों पर रक्तदान शिविर के वृहद आयोजन किये जा रहे हैं। यह सभी कार्यक्रम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने की दृष्टि से आयोजित हो रहे हैं। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयंसेवी समूहों की संख्या 10 लाख है, जिनसे लगभग 01 करोड़ बहनें जुड़ी हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रही हैं। नगरीय क्षेत्रों में भी लगभग 01 लाख महिला स्वयंसेवी समूहों के माध्यम से 10 लाख महिलाएं इस कार्यक्रम से जुड़कर आत्मनिर्भरता और व्यापक जनजागरण को आगे बढ़ा रहीं हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कुपोषित माता या बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है। इसके अन्तर्गत प्रदेश में 204 टेक होम राशन (टी0एच0आर0) प्लाण्ट वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। टी0एच0आर0 प्लाण्ट के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों की 60 हजार बहनें प्रतिमाह 08 हजार रुपये अर्जित कर रही हैं। हमने नेफेड से टी0एच0आर0 प्लाण्ट को और बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की जाने वाली रेसिपी को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा की है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टी0एच0आर0 प्लाण्ट द्वारा जो अतिरिक्त उत्पादन होगा, उसे नैफेड अपने केन्द्रों के माध्यम से बेचने का काम करेगा। इससे हमारी बहनों की अतिरिक्त आमदनी भी होगी। राज्य सरकार के साथ ही भारत सरकार की संस्था नेफेड भी हजारों की संख्या में हमारी बहनों को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कल अमेठी में राज्य का 81वां मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ कर दिया है। इस सत्र में इस मेडिकल कॉलेज में 50 सीटों के साथ प्रवेश प्रारम्भ होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी ने इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण में अपनी स्वयं की सम्पत्ति उपलब्ध कराकर योगदान दिया है। वर्ष 2017 तक प्रदेश में निजी व सरकारी मिलाकर केवल 40 मेडिकल कॉलेज बने थे। विगत 08 वर्षों में 41 नये

मेडिकल कॉलेज बनाये जा चुके हैं। इनमें अधिकांश सरकारी हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में हम निःशुल्क उपचार, जांच तथा दवाओं की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महिला कल्याण व बाल विकास विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों के सफल परिणाम हमारे सामने है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के वर्ष 2015–16 के आंकड़ों की तुलना में वर्ष 2019–21 के स्वास्थ्य सम्बन्धी आंकड़ों के अनुसार, बच्चों तथा महिलाओं में एनीमिया के स्तर में 5.1 प्रतिशत सुधार, स्टंटिंग में 6.6 प्रतिशत, अल्पवजन में 7.4 प्रतिशत तथा सूखापन में 0.6 प्रतिशत का सुधार हुआ है। प्रदेश में शिशु मृत्यु दर 45 से घटकर 37 तथा मातृ मृत्यु दर घटकर 141 हो चुकी है। यह सुधार हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। यह परिणाम दर्शाते हैं कि हमारी दिशा सही है। प्रधानमंत्री जी के योग्य मार्गदर्शन में हमारी नीयत साफ तथा नीति स्पष्ट है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री जी के पावन जन्मदिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। राज्य सरकार इस वर्ष स्कूल मर्जर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपना भवन देने के साथ ही एक बड़े अभियान से जुड़ने जा रही है। इसके अन्तर्गत 03 से 06 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को एक अतिरिक्त पोषण मिशन से जोड़कर प्रदेश के बचपन को सुरक्षित रखने के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। यदि बचपन सुरक्षित होगा, तो उनका जीवन स्वयं ही सुरक्षित हो जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज से 08 वर्ष पहले यह सीजन प्रदेश के 28 जनपदों में भय व दहशत का होता था। इन्सेफेलाइटिस बीमारी से 40 वर्षों में 50 हजार से अधिक बच्चे असमय मृत्यु का शिकार हो जाते थे। विगत 08 वर्षों में किये गये प्रयासों से आज इन्सेफेलाइटिस बीमारी प्रदेश से पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। मलेरिया, डेंगू, कालाजार तथा चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को भी पूरी तरह नियंत्रित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। टी0बी0 को भी पूरी तरह समाप्त करने के लिए निःक्षय मित्र बनाये जा रहे हैं। अनेक लोगों ने पोषण पोटली वितरित कर व्यक्तिगत रूप से ट्यूबरकुलोसिस को समाप्त करने की दिशा में अपना योगदान दिया है। एच0सी0एल0 फाउण्डेशन जैसे अनेक संगठन भी इस कार्य में आगे आए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां स्वतःस्फूर्त भाव से रक्तदान के लिए आगे आने वाले लोगों का सम्मान किया गया है। 17 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य का कोई भी स्वस्थ मनुष्य प्रत्येक तीसरे महीने एक यूनिट रक्तदान कर सकता है। यहां 'सम्भव अभियान' के माध्यम से पोषण अभियान को सफल बनाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, अभिभावकों तथा ग्राम प्रधानों का सम्मान भी किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने विश्वास

व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत चलने वाले सभी कार्यक्रम कुशलतापूर्वक आगे बढ़ेंगे। देश में इस अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी बहनों को समय से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए, जिससे हम इनके मानदेय को बढ़ाने का कार्य कर सकें। इन बहनों द्वारा किये जा रहे कार्य को सम्मान देने का सबसे अच्छा माध्यम यह होगा कि हम उन्हें स्मार्टफोन उपलब्ध कराएं, ट्रेनिंग दें और उनके इन्सेन्टिव को बढ़ाकर समय से भुगतान कराएं, ताकि वह सम्मानजनक ढ़ंग से अपना योगदान दे सकें।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले निःक्षय मित्रों एवं रक्तदाताओं का सम्मान किया। उन्होंने तीव्र कुपोषण का सामुदायिक प्रबन्धन के दिशा–निर्देशों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन तथा सम्भव अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट योगदान करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावकों एवं ग्राम प्रधानों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में हमें भी अपना योगदान देना है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के लिए हमें प्रेरित किया है। उत्तर प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को लखपति दीदी बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विगत 11 वर्षों में अपने सेवा कार्यों से देश व प्रदेश में आमूलचूल परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं।

इस अवसर पर महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा उपस्थित रहे।

———

***PN-CM-PM-8th Rashtriya Poshan Maah-17 September, 2025.doc***